तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 18 मई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 शस्त्र के साथ शस्त्र विद्या में निपुण होंगी दुर्गावाहिनी की सदस्य



12 दो साल अतिरिक्त होने के बाद भी सराफा...



## खबर संक्षेप

### किराना दुकान में शराब बेचते ग्रामीण पकड़ाया

**बेमेतरा।** साजा पुलिस ने ने ग्राम महुवाभाठा निवासी ओमकार साहू ऊर्फ गोलु नामक व्यक्ति को अपनी किराना दुकान में अवैध रूप से शराब रखकर बेचते पकड़ा है। आरोपी के पास से पुलिस ने 8 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त की है। ग्रामीण ओमकार के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कारवाई की गई। उक्त कारवाई पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर की। कार्रवाई में थाना साजा प्रभारी उप निरीक्षक राजकुमार साहू, प्रधान आरक्षक विजेन्द्र सिंह, पीयुष सिंह, अमित सिंह एवं अन्य स्टाफ शामिल रहा।

### पांच जुआरी पकड़े गए, नकदी बरामद

**बेमेतरा।** देवकर चौकी पुलिस ने जुआ खेलते 5 जुआरियों को पकड़ा है। जुआरियों से 15 सौ 20 रुपए सहित तास पत्ती जब्त किया गया। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली कि चौकी देवकर क्षेत्रांतर्गत ग्राम अकलवारा गौठान के पास आम जगह में कुछ लोग रुपए पैसे का दांव लगाकर काट पत्ती जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर रेड कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान कुछ लोग पुलिस को आते देखकर भाग निकले। मौके पर राजकुमार साहू उम्र 32 साल ,राजकुमार गोड उम्र 27 साल , दीपक साहू उम्र 39 साल, सेवक साहू उम्र 35 साल सभी अकलवारा के हैं। वहीं बिजेलाल सतनामी उम्र 53 साल ग्राम कोहकाबोड पुलिस चौकी देवकर निवासी है। पांचों के विरुद्ध धारा 3(2) जुआ अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

### पीएमश्री स्कूल विनायकपुर में समर कैंप का शुभारंभ

**अंडा।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला विनायकपुर दोनों के संयुक्त तत्वावधान में समर कैंप का शुभारंभ किया गया है। जिसमें बच्चे बढ़- चढ़कर भाग ले रहे हैं। समर कैंप का तृतीय दिवस पर सबसे पहले योगाभ्यास से प्रारंभ हुआ। योगा शिक्षक खिलेन्द्र यादव द्वारा कराया गया। बच्चों को स्पोकन इंग्लिश बालकृष्ण सोनी द्वारा सिखाया गया। जिसमें बच्चों ने गंभीरता से लिया और दैनिक जीवन में आने वाले शब्दों के बारे में जाना। आर्ट एंड क्राफ्ट में कक्षा 1 से 3 के बच्चों को रोशनी चन्द्राकर ने बच्चों को कलरफूल छोटे छोटे फूल, गुलदस्ता बनाना सिखाया गया। पेंटिंग में गिरवर साहू ने बच्चों को पेंटिंग करने के तरीके सिखाया गया। संगीत में बच्चों ने हारमोनियम एवं केशियो बजाना सिखाया गया। संगीत शिक्षक खिलेन्द्र यादव जी ने संगीत के स्वरों के बारे में बच्चों को बताया गया।आज 90 बच्चों ने समर कैंप में भाग लिया।आज के कार्यक्रम में प्रधान पाठक टीकेन्द्र कुमार चन्द्राकर सभी बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि इस समर कैंप में अपनी प्रतिभा को निखारने के लिए लगाया गया है।

# लोस चुनाव: 7000 हजार सरकारी कर्मचारियों के खाते में आएगी मानदेय की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एक समय था जब निर्वाचन के महीनों बाद तक मतदान दल के अधिकारियों व कर्मचारियों को मानदेय नहीं मिलता था। अब मतदान दल मतदान कराके लौटता है, उससे पहले उनके खाते में राशि जमा की प्रक्रिया कर ली जाती है। बेमेतरा ज़िले में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 - मतदान प्रक्रिया में तैनात 7095 अधिकारियों-कर्मचारियों के खाते में मानदेय के 7386750 रुपए जमा होगा।

कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने राशि वितरण करने का आदेश भी जारी किया है। लोकसभा चुनाव-2024 के लिए ज़िले में निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को कुल राशि 73 लाख 86 हज़ार 750 रुपए का भुगतान होगा। ये राशि सीधे उनके बैंक खातों में आएगी। छत्तीसगढ़ में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की मतदान प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब मतगणना 4 जून को होगी। बेमेतरा ज़िले में निर्वाचन ड्यूटी में लगे अधिकारी-कर्मचारियों को तय समय पर पैसा मिल जाए, इसके लिए निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों के फंड जारी कर दिया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने मानदेय समय पर देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर एवं ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्री रणबीर शर्मा ने राशि वितरण करने का आदेश भी जारी किया है। लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए ज़िले में निर्वाचन ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को मानदेय की राशि सीधे उनके बैंक खातों में आएगी।

### कलेक्टर ने दिए निर्देश, फंड भी कर दिया गया जारी

#### राज्य में तीन चरणों में हुआ है मतदान

प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन-2024 का मतदान तीन चरणों में हुआ है। बेमेतरा ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र में 7095 अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगी थी। जबकि कुछ रिजर्व में रखे गए थे।

#### पहले ही ले लिए गए बैंक खाते का नंबर

वरिष्ठ कोषालय अधिकारी राजेश तिवारी के मुताबिक सभी कर्मचारियों के बैंक खातों की जानकारी ले ली गई थी। इसकी वजह से भुगतान करने में आसानी होगी।



#### इन्हें मिलेगा मानदेय

पीठासीन अधिकारी 900 सेक्टर ऑफिसर, 74, मतदान कर्मी 2700, पुलिस कर्मचारी 1650, वाहन प्रभारी/ वाहन चालक आदि 209, मतदान सामग्री लेने-देने वाले कर्मचारी 300, सेक्टर पुलिस अधिकारी 66, चिकित्सा अधिकारी 25, माइक्रो ऑब्जर्वर 40, मतदाता पर्ची हेतु बीएलओ 744, सहायक व्यय प्रेक्षक 4, आयकर अधिकारी 2, वीडियो निगरानी, अवलोकन,व्यय लेखा टीम, कंट्रोल रूम, काल सेंटर एमसीएमसी,उड़न दस्ता 100 आदि को मानदेय का भुगतान होगा।

## लापरवाही : तीन मासूम बच्चों सहित 8 ग्रामीणों की मौत के बाद भी नहीं बदली व्यवस्था

# नेशनल हाईवे पर ट्रकों का बेजाकब्जा हादसे को न्योता, लोगों की हो रही मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला मुख्यालय से गुजरने वाली रायपुर ,बेमेतरा ,जबलपुर नेशनल हाईवे 25 के दोनों किनारे पर ओवरलोड ट्रकों के बेजाकब्जे से सड़क हादसे को नेवता दे रहे हैं। हर साल सड़क मार्ग में इन भारी वाहनों के चलते आमजन हादसे का शिकार हो कर अपनी जान गंवा रहे हैं। आए दिन एन एच 25 नेशनल हाईवे सड़क किनारे दोनों और छोटी बड़ी ट्रकों का बेजा कब्जा से राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। रोड पर अनियंत्रित रूप से खड़े ओवरलोड ट्रक लोगों की जान के दुश्मन बनते जा रहे हैं। इसके बाद भी जिम्मेदार व विभागीय टीम आवागमन सुगम व सुचारू रूप से नहीं चलने वाले ट्रक वाहन चालकों पर कार्रवाई नहीं कर रही है । सुबह से लेकर देर रात तक इस रूट में ग्रामीण व राहगीरों का आवागमन लगा रहता है जो इन ट्रकों की चपेट में आकर अपनी जान से हाथ धो रहे हैं। वही सड़क दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। देखा जाए तो रोजाना छोटी, बड़ी सड़क दुर्घटना एक के बाद एक इस सड़क पर हो रही है। इसके बाद भी प्रशासन व जिम्मेदार विभाग कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

- एनएच के पेट्रोल पंपों, ढाबों के पास किनारे कतारबद्ध खड़े भारी वाहन बन रहे दुर्घटना का कारण



#### सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण हादसे में 8 की मौत

मई माह के शुरुवात में ही 8 लोगों की हादसे में दर्दनाक मौत हो गई थी। जिनमें तीन मासूम बच्चे भी शामिल थे। ये सभी ग्रामीण जिला मुख्यालय के समीप ग्राम पथर्रा के रहने वाले थे । हादसे के दिन पिकअप वाहन से छट्टी के कार्यक्रम से रात में वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी बीच नेशनल हाईवे पर स्थित ग्राम कठिया रांका के पेट्रोल पंप के सामने ढाबा में सड़क किनारे खड़े वाहन से जा भिड़ा ओर मौके पर ही आठ की मौत हुई वही दर्जन भर लोग घायल हो गए थे। बताया जा रहा था की रात में नेशनल हाईवे में आवाजाही करने वाले वाहन की लाइट तेज रोशनी के चलते सड़क किनारे खड़े वाहन से जा भिड़। इस हादसे के अलावा कई दुर्घटनाएं भी घटित हुई हैं, जिसमें युवाओं से लेकर अधेड़ तक की जान चली गई है।

**कतारबद्ध खड़े भारी वाहनों पर कार्रवाई नहीं:** पुलिस व परिवहन विभाग की अनदेखी की कारण ओवरलोड ट्रक, डंपर, ट्रैक्टर ट्राली सहित अन्य भारी वाहन सड़क किनारे कतारबद्ध खड़े रहते हैं। ये वाहन घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारी द्वारा उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई करने से वाहन चालकों के हौसले बुलंद हैं। जानकारी के अनुसार हर रोज सैकड़ों की तादात में ट्रक, डंपर, ट्रैक्टर ट्रालियां क्षमता से अधिक व व्यावसायिक सामान भरकर नेशनल हाईवे से गुजरते हैं। सड़क किनारे कई घंटे तक कतारबद्ध ढंग से खड़े रहते हैं। लेकिन विभाग इन ओवरलोड वाहनों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है ।

#### सब से ज्यादा ढाबा, पेट्रोल पंपों के सामने ज्यादा समस्या

अक्सर देखा गया की नेशनल हाईवे पर संचालित पेट्रोल पंप एवं ढाबों के सामने लंबी दूरी से लेकर छोटी दूरी तक चलने वाली गाड़ियां अव्यवस्थित रूप से सड़क के दोनों ओर सुबह से लेकर देर रात तक खड़े रहते हैं। जिससे सड़क की दोनों ओर से आने वाले बड़े ,छोटे वाहनों आवाजाही की जानकारी मार्ग में चलने वाले मोटरसाइकिल एवं वाहन चालकों को स्पष्ट व सही रूप से नहीं मिल पाती। जिसके चलते वाहन दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं, जिसे कई लोगों की जान भी चली जाती है।

## प्रशिक्षणार्थियों को आत्मनिर्भर बनने और जीविका कमाने के लिए करेंगे प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेरला में स्ट्राइव योजनांतर्गत प्रशिक्षणार्थियों के लिए दो दिवसीय इंटर्नशिप अवेयरनेस प्रोग्राम आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा इंटर्नशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम 15 दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों के लिए उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम एवं उद्यमिता विकास योजना का शुभारंभ 15 मई से किया गया है। जिसका उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को सशक्त बनाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में 2 दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला किया जाएगा। कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थियों को उद्यमिता की बुनियादी अवधारणाओं-सफल उद्यमियों की प्रेरणा दायक कहानियों और व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यक कौशल के बारे में जानकारी दी जाएगी। 15 दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में यह गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रशिक्षणार्थियों को व्यवसाय योजना बनाने, वित्तपोषण प्राप्त करने, मार्केटिंग रणनीति विकसित करने और अपने व्यवसायों का प्रबंधन करने के लिए आवश्यक व्यावहारिक ज्ञान और कौशल प्रदान करेगा। आत्मनिर्भरता यह योजना प्रशिक्षणार्थियों को आत्मनिर्भर बनने और अपने जीविका कमाने के लिए प्रेरित करेगी। प्रशिक्षित युवा अपने स्वयं के व्यवसाय शुरू करके दूसरे के लिए रोजगार के अवसर भी पैदा कर सकते हैं । आर्थिक विकास यह योजना क्षेत्र के आर्थिक विकास में योगदान करेगी। यह योजना आईटीआई बेरला के प्रशिक्षणार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। यह उन्हें आत्मनिर्भर बनने, अपने सपनों को पूरा करने और देश के विकास में योगदान करने में मदद करेगा।

- शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बेरला में उद्यमिता जागरुकता कार्यशाला

# दो मोटरसाइकिल की टक्कर में एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के पुलगांव थाना अंतर्गत सीएसआईटी कॉलेज हॉस्टल कोलिहापुरी के पास दो मोटर साइकिल में टक्कर हो गई, जिससे एक की मौत हो गई है। सड़क हादसे में दो अन्य घायल हो गए हैं। जिन्हें जिला अस्पताल दुर्ग लाया गया है।

मृतक की पहचान कोलिहापुरी निवासी राजस्थानी ट्रैक्टर के मालिक शूमेर सिंह के रूप में हुई है। पुलगांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सुबह 10 बजे के आसपास कुणाल दिल्लीवार अछोटी निवासी अपनी पल्सर मोटरसाइकिल सीजी 07 सीक्यू 2134 में काम में जाने निकाला था। वह सुमित जंक्शन पुलगांव में काम करता था। बताया जा रहा है कि कुणाल तेज रफ्तार में अपनी बाइक चला रहा था। शुमेर अपनी बाइक डीलक्स क्रमांक सीजी 07 सीके 7563 में दुर्ग से ऑयल लेकर घर जा रहा था, तभी मोड़ पर ही दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में शुमेर की मौत हो गई।

# जिला अस्पताल में ओपीडी पर्ची के लिए अब लाइन लगाने की जरुरत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिला अस्पताल में अब मरीजों को ओपीडी पर्ची के लिए लाइन लगाने की जरूरत नहीं है। मरीज या परिजन घर बैठे ही मोबाइल ऐप आभा के माध्यम से अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इसके अलावा ऐप के क्यूआर कोड का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा एक मोबाइल ऐप आभा तैयार किया गया है, जिसका उपयोग कर मरीज या परिजन अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

इस ऐप में मरीज का एक आभा कार्ड बनेगा, जिसमें यूजर्स को एक 14 डिजिट का कार्ड मिलेगा, जिसमें मरीज की हेल्थ ,डाइग्नोस्टिक व दवाइयों की पूरी जानकारी भी होगी। इससे कहीं पर भी किसी भी डॉक्टर द्वारा मरीज की पूरी हेल्थ हिस्ट्री जानने में कोई दिक्कत नहीं होगी। स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंदों के सुद्धीकरण और आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन के तहत इस ऐप के यूज के लिए जोर दिया जा रहा है। इसके तहत यूजर्स को स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। इसके तहत कोई भी व्यक्ति आभा कार्ड बनवा सकता है। इसमें पंजीयन के लिए मरीज या परिजन को ऐप या जिला अस्पताल के ऐप का क्यूआर कोड का इस्तेमाल करना पड़ेगा।

#### खास बातें

- हास्पिटल में मोबाइल एप 'आभा' में शुरू हुआ पंजीयन
- एप में हेल्थ हिस्ट्री भी होगी स्टोर




#### आसान है इस ऐप का उपयोग करना

सिविल सर्जन डॉ. एस आर चुरेंद्र व अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु ने बताया कि आभा ऐप का उपयोग कोई भी स्मार्ट मोबाइल धारक कर सकता है। ऐप या क्यूआर कोड के माध्यम से रजिस्टर्ड ऑप्शन में जाकर अपना मोबाइल नंबर और आधार कार्ड नंबर दर्ज कर रजिस्टर्ड करें। इसके बाद ओटीपी सत्यापन होगा और उपयोगकर्ता को अपना नाम, लिंग, जन्म तिथि, मोबाइल नंबर व ईमेल का विवरण देना होगा। इस ऐप से संबंधित क्यूआर कोड जिला अस्पताल में चस्पा किया गया है।

## विकासखंड के बालवाड़ी प्रशिक्षण में शामिल हुईं आंबा कार्यकर्ताएं

# बालवाड़ी में बच्चों का होगा संज्ञानात्मक विकास और गणितीय कौशल में होंगे पारंगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के बेमेतरा विकासखंड में तीन दिवसीय बालवाड़ी प्रशिक्षण का कार्यक्रम शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला बेमेतरा में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण के तीसरे दिवस 186 बालवाड़ी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

इस बालवाड़ी प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य बच्चों को खेल आधारित शिक्षण एवं एफएलएन के उद्देश्यों को पूर्ण करना है। प्रशिक्षण के तीसरे व अंतिम दिवस समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शिक्षा संस्थान डाइट बेमेतरा के प्राचार्य जेके घृतलहरे तथा विशिष्ट अतिथि डाइट व्याख्याता जीएल खुटियारे, डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू एवं बीआरसी बेमेतरा राजेन्द्र साहू उपस्थित थे। नवाचारी शिक्षिका व मास्टर ट्रेनर्स मंजू साहू ने अंतिम दिवस के प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन सत्र का संचालन करते हुये तीन दिवसीय बालवाड़ी प्रशिक्षण के उद्देश्यों से अवगत कराया। प्रशिक्षणार्थियों के साथ भाषा शिक्षण आधारित गतिविधि हुई। डाइट प्राचार्य घृतलहरे ने बालवाड़ी प्रशिक्षण के उद्देश्यों को विस्तार से बताते हुए कहा कि बच्चों में संज्ञानात्मक विकास, आकृतियों की पहचान गणितीय कौशल, शारीरिक सामाजिक एवं भावनात्मक विकास बच्चों में किस तरह किया जाना चाहिए। डाइट व्याख्याता जीएल खुटियारे ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, बुनियादी कौशल विकास पर जोर दिया।

डाइट व्याख्याता थलज कुमार साहू ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश के लिए वातावरण तैयार करना ही इस प्रशिक्षण का एक मात्र उद्देश्य है, ताकि बच्चे निर्भीक होकर प्रवेश ले सके। बीआरसी बेमेतरा राजेन्द्र साहू ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, शिक्षकों, मास्टर ट्रेंनर्स को क्रियाशील होकर सफलतापूर्वक आयोजन के लिए आभार व्यक्त कर बच्चों को उनकी गति व स्तर अनुरूप सीखने के वातावरण प्रदान करने की बात कही। आंगनबाड़ी व बालवाड़ी के समावेशन के उद्देश्यों को मास्टर ट्रेनर्स व नवाचारी शिक्षिका मंजू साहू, राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित नवाचारी शिक्षिका ज्योति बनाफर, सुचिता निषाद, सीएससी उद्धव साहू द्वारा विभिन्न मुद्दों पर विभिन्न गतिविधियों द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व बालवाड़ी शिक्षकों को बहुत ही सहज और सरल तरीके से प्रशिक्षण दिया गया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण का फीडबैक बालवाड़ी शिक्षक ध्रुव कुमार साहू एवं आंगनबाडी. कार्यकर्ता लक्ष्मी वर्मा ने प्रस्तुत किया। अजीम प्रेमजी फाउंडेशन बेमेतरा से जयप्रकाश ने बालवाड़ी से संबंधित विभिन्न विषयों पर सामूहिक चर्चा की। महिला बाल विकास पर्यवेक्षक रुचि राजपूत ने बालगीत कराया। प्रशिक्षणार्थी बहुत ही क्रियाशील होकर भाग लिये।



### प्रत्येक गणना टेबल पर एक माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त होंगे

**बालोद।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत उप जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित काउंटिंग माइक्रो आब्जर्वर के प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारी–कर्मचारियों को उनके कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने सभी माइक्रो आब्जर्वरों को पूरी निष्ठापूर्वक तथा त्रुटिरहित ढंग से अपने दायित्वों का निर्वहन कर लोकसभा आम निर्वाचन अंतर्गत काउंटिंग प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी कौशिक ने कहा कि मतगणना के दौरान प्रत्येक गणना टेबल में एक माइक्रो आब्जर्वर नियुक्त किए जाएंगे। सभी माइक्रो आब्जर्वर अपने संबंधित टेबल पर मतगणना प्रक्रिया की शुचिता के लिए जिम्मेदार होंगे।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

# दो साल अतिरिक्त होने के बाद भी सराफा चुनाव होने के आसार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन का कार्यकाल दो साल अतिरिक्त होने के बाद भी अब भी चुनाव के आसार नजर न आने के कारण एक बार फिर से बिलासपुर सराफा एसोसिएशन ने मोर्चा खोल दिया है। इस साल 7 जनवरी को हुई आमसभा में चुनाव कराने को लेकर सहमति बनी थी, लेकिन इसके बाद से लगातार विवाद हो रहा है। एक बार चुनाव मुख्य चुनाव अधिकारी के इस्तीफे के बाद मामला उलझा, इसको सुलझाने के बाद भी अब तक चुनाव की तिथि तय नहीं हो सकी है। इस बीच चुनाव अधिकारी को लिखे गए पत्र को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। ऐसे में बिलासपुर एसोसिएशन ने अध्यक्ष को पत्र लिखकर सात बिंदुओं में तीन दिनों के अंदर जवाब मांगा है, नहीं तो कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

बिलासपुर सराफा एसोसिएशन के अध्यक्ष कमल सोनी, सचिव अजय सराफ, कोषाध्यक्ष राजेश शाह का कहना है, छत्तीसगढ़ सराफा एसोसिएशन की 7 जनवरी 2024 को आमसभा में यह तय किया गया कि पांच संभाग से पांच चुनाव अधिकारी होंगे और उसके बाद जल्द चुनाव कराया जाएगा। इसके बाद जारी मतदाता लिस्ट में से कई सदस्यों और संगठन के पदाधिकारियों के नाम काट दिए गए।

कमल सोनी ने कहा, लोकसभा चुनाव के चलते 7 मई के बाद चुनाव की बात कही गई थी, लेकिन अचानक 11 मई को पत्र जारी किया गया, जिससे चुनाव और आगे टालने की मंशा झलक रही है। कमल सोनी ने कहा, एक साल से चुनाव प्रक्रिया को लगातार टाला जा रहा है।

## सात बिंदुओं में मांगा तीन दिनों में जवाब, कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी

### कानूनी कार्रवाई की चेतावनी

बिलासपुर सराफा एसोसिएशन ने कार्यवाहक अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष से 7 बिंदुओं पर जानकारी तीन दिनों के भीतर मांगी है, जिसमें चुनाव कराए जाने को लेकर किए जा रहे प्रयास, 23 जुलाई 2023 को हुई मीटिंग से संबंधित दस्तावेज, नवीन सदस्यों की संशोधित मतदाता सूची, 7 जनवरी 2024 को वार्षिक आमसभा में लिए गए निर्णय से संबंधित दस्तावेज, 2019 से 2024 तक तैयार की गई ऑडिट रिपोर्ट और खर्चों का लेखा-जोखा, 2019 से 2024 तक धारा 27, 28 के अंतर्गत जानकारी, दस्तावेज ऑडिटेड बैलेंस शीट, सराफा एसोसिएशन के सभी मूल दस्तावेज, रजिस्टर, लेखा-जोखा की मांग की गई है, ताकि दस्तावेजों से छेड़छाड़ की संभावनाएं समाप्त हो सकें। तीन दिवस के अंदर इन सभी का जवाब नहीं मिलने पर बिलासपुर सराफा एसोसिएशन ने सभी पदाधिकारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है।



बिलासपुर सराफा एसोसिएशन ने खोला मोर्चा, कहा- एक साल से टाल रहे चुनाव

### जल्द होंगे चुनाव

चुनाव अधिकारी नियुक्त करके उनसे चुनाव कराने कहा गया है, लोकसभा चुनाव के कारण विलंब हुआ है। जल्द ही चुनाव की तिथि घोषित करके चुनाव कराए जाएंगे।

- **अनिल बरडिया,** अध्यक्ष, सराफा एसोसिएशन

## खबर संक्षेप

### बीकॉम फर्स्ट ईयर में 51 फीसदी छात्र फेल

**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा बीकॉम प्रथम वर्ष के परीक्षा परिणाम गुरुवार को घोषित किए गए। परीक्षा में 51 प्रतिशत छात्र फेल हो गए हैं। पास होने वाले छात्रों का उत्तीर्ण प्रतिशत सिर्फ 49 प्रतिशत रहा है। रविवि द्वारा आयोजित बीकॉम प्रथम वर्ष की परीक्षा में 10 हजार 86 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से सिर्फ 4 हजार 957 छात्र ही उत्तीर्ण हो सके हैं। 3832 छात्रों को अनुत्तीर्ण घोषित किया गया है। 1282 छात्र पूरक श्रेणी में हैं, जबकि 15 छात्रों के परिणाम रोके गए हैं। रविवि द्वारा सभी छात्रों के परीक्षा परिणाम अपने आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। छात्र निर्धारित तिथियों के भीतर पुनर्मूल्यांकन तथा पुनर्गणना के लिए आवेदन कर सकेंगे।

प्रवेश परीक्षा की आवेदन तिथि में वृद्धि : पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के मूल विज्ञान केंद्र (सीबीएस) में संचालित हो रहे पंचवर्षीय एकीकृत एमएससी पाठ्यक्रम के सत्र 2024-25 में दाखिले के लिए प्रवेश-परीक्षा एक जून को आयोजित होगी। इसके लिए आनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ाकर 16 मई के स्थान पर 20 मई किया गया है। प्रवेश परीक्षा के फार्म पं. रविशंकर शुक्ल विवि की वेबसाइट www.prsu.ac.in/ www.prsuuniv.in पर जाकर भरे जा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए छात्र सेंटर फार बेसिक साइंसेज कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### विधिक सहायता कार्यक्रम में बंदियों से हुए रूबरू



**रायपुर।** अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की जिला इकाई द्वारा केंद्रीय जेल रायपुर में गुरुवार को विधिक सहायता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छोटे मामले, प्रतिबंधात्मक धाराओं और जमानत के अभाव में लंबे समय से जेल में विरुद्ध बंदियों को शीघ्र रिहा कराने का निर्णय लिया गया। परिषद के अधिवक्ता बंदियों से रूबरू हुए, उनकी समस्याएं सुनीं और उन्हें कानूनी सलाह भी दी। इस मौके पर जिला अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष अधिवक्ता उमाशंकर वर्मा एवं मुख्य वक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने अपना उद्बोधन दिया। इस दौरान अधिवक्ता प्रमोद तिवारी, जेल उप अधीक्षक मधु सिंह, अधिवक्ता जानकी बिल्थरे, अधिवक्ता सुशीला साहू, अधिवक्ता झरना साहू ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम में अधिवक्ता परिषद के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद तिवारी, अधिवक्ता सुनील पटेल, जानकी बिल्थरे, रेखा बघेल, झरना साहू आदि उपस्थित थे।

### पूर्व मंत्री नंदलाल सिंह की मनी पुण्यतिथि

**भिलाई।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री स्व. नंदलाल सिंह पटेल के 25वीं पुण्यतिथि में शामिल होकर उनके छायाचित्र में पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।स्व. पटेल कुर्मी समाज को राजनीति से जोड़कर सेवाभाव की अद्वितीय मिशाल पेश की है। स्व. पटेल के परिवारजनों से आत्मीय भेंटकर संवेदना व्यक्त की।

## जगदम्बा विहार से लगे 20 एकड़ से ज्यादा के प्लाट्स पर अवैध डीपीसी को किया ध्वस्त

# फिर गरजा तोड़ूदस्ता, 20 एकड़ से ज्यादा में अवैध प्लाटिंग को किया धराशायी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आचार संहिता के दौरान अवैध कब्जे और अवैध प्लाटिंग की शिकायतों को दूर करने नगर निगम का तोड़ूदस्ता दूसरे दिन भी शहर के अलग-अलग हिस्सों पर गरजा। जगदम्बा विहार से लगकर 20 एकड़ जमीन पर चल रहे अवैध प्लाटिंग को रोकने तत्परता दिखाई और अवैध डीपीसी तथा सड़क निर्माण को खोद कर रास्ता बाधित किया।

गुरुवार को नगर निगम के तोड़ूदस्ता ने जन शिकायत के बाद बोरियाखुर्द में जगदम्बा विहार से लगकर की जा रही अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाई। यही नहीं, जोन के भाठागांव भरी खार में करीब 3 एकड़, आछी तालाब के पास करीब 2 एकड़ भूमि और कुशालपुर में डबरी पाटकर की जा रही अवैध प्लाटिंग की तैयारी पर रोक लगाई। माधवराव सप्रे वार्ड के इंद्रप्रस्थ नाला किनारे चल रही ढाई एकड़ जमीन पर अवैध प्लाटिंग के दौरान बनाई जा रही सड़क और डीपीसी को जमींदोज कर दिया गया। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने कहा है, अवैध प्लाटिंग के खिलाफ आने वाले दिनों में कार्रवाई तेज की जायेगी। उन्होंने ये भी कहा कि पूरी कार्रवाई जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार के निर्देश पर की जा रही है।

## एफआईआर के लिए मांगा ब्योरा



- सड़कें खोद कर मार्ग बाधित
- भाठागांव और रायपुरा से लेकर कुशालपुर तक अवैध प्लाटिंग पर लगाई रोक



### कराएंगे एफआईआर

जोन 8 के कमिश्नर अरुण ध्रुव और जोन 10 के कमिश्नर रमेश जायसवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि सभी नींव को ध्वस्त कर दिया गया है और प्लॉट तक जाने का रास्ता उखाड़ दिया गया है। यही नहीं, रायपुर तहसीलदार को पत्र लिखकर संबंधित प्लॉट के मालिकों का ब्योरा मांगा गया है। जानकारी मिलते ही अवैध प्लाटिंग कर्ताओं के खिलाफ डीडीनगर थाने में नामजद एफआईआर दर्ज करवाई जायेगी।

### आधा दर्जन प्लाटिंग पर कार्रवाई

गुरुवार को दिनभर चली कार्रवाई में भाठागांव और रायपुरा से लेकर कुशालपुर तक निगम के बुलडोजर अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करने में लगे रहे। निगम के अलग-अलग दस्तों ने करीब आधा दर्जन अवैध प्लाटिंग पर एक्शन लेते हुए इस पर रोक लगाई। निगम मुख्यालय और जोन 8 का तोड़ूदस्ता अधिकारियों के साथ गुरुवार सुबह इंद्रप्रस्थ नाले के पास पहुंचा। वहां जमीन मालिकों ने प्लॉट बेचने के लिए बीच-बीच में डब्लूबीएम सड़कें बना रखी थीं। सूत्रों के मुताबिक कई लोगों को प्लॉट बेचे जा चुके हैं और उन्होंने बाउंड्रीवाल की डीपीसी भी करवा ली थी। निगम अमले ने बुलडोजर के माध्यम से इन सड़कों को काट कर डीपीसी को उखाड़ दिया। जोन 10 के नगर निवेश विभाग ने तेलीबांधा एक्सप्रेस वे के पास अवैध प्लाटिंग कर्ता द्वारा खोले गये अवैध मुरुम मार्ग को हटाकर आवागमन बाधित करते हुए मार्ग को बंद किया।

# अनवर के साथ दो अन्य से ईडी के अफसर जेल में करेंगे पूछताछ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- अनवर की जमानत याचिका खारिज

राज्य में कथित तौर पर दो हजार करोड़ रुपए के शराब घोटाला के आरोप में ईओडब्लू द्वारा गिरफ्तार किए गए अनवर ढेबर का ईओडब्लू की विशेष अदालत ने जमानत आवेदन खारिज कर दिया है। इसके साथ ही शराब घोटाला के आरोप में गिरफ्तार किए गए त्रिलोक सिंह ढिल्लन के जमानत आवेदन पर स्पेशल कोर्ट में आज सुनवाई होगी। शराब घोटाला के आरोप में गिरफ्तार किए गए अनवर ढेबर सहित अरुण पति त्रिपाठी, अरविंद सिंह की न्यायिक हिरासत स्पेशल कोर्ट ने 30 मई तक बढ़ा दी है। साथ ही ईडी के आवेदन पर कोर्ट ने शराब घोटाले के आरोपियों से पूछताछ करने अनुमति प्रदान की है।

गौरतलब है कि शराब घोटाला के आरोप में ईओडब्लू द्वारा गिरफ्तार किए गए अनवर ढेबर के बचाव पक्ष के वकील ने कोर्ट में आवेदन पेश करते हुए कार्रवाई को गलत बताया। साथ ही बचाव पक्ष के वकील ने अनवर ढेबर के पास किसी तरह से पैसों के साथ घोटाला से जुड़े दस्तावेज नहीं मिलने की दलील दी, जिसका ईओडब्लू के वकील ने विरोध करते हुए शराब घोटाला में अनवर ढेबर की प्रमुख भूमिका होने का हवाला देते हुए अनवर के खिलाफ घोटाला से संबंधित पर्याप्त सबूत होने का दावा किया है।

### घोटाला के आरोपियों से जेल में पूछताछ

आबकारी घोटाला के आरोप में ईओडब्लू द्वारा गिरफ्तार किए गए अनवर ढेबर, अरुण पति त्रिपाठी, त्रिलोक सिंह ढिल्लन से पूछताछ करने ईडी ने स्पेशल कोर्ट में आवेदन पेश किया। ईडी के आवेदन पर कोर्ट ने आरोपियों से जेल में पूछताछ करने पांच दिन की अनुमति प्रदान की है। ईडी के अफसर शराब घोटाला के आरोप में बंद इन आरोपियों से 27 से 31 मई तक जेल में पूछताछ कर सकते हैं।

### उपचार नहीं मिलने पर कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त की

अनवर ढेबर के वकील ने कोर्ट में आवेदन पेश करते हुए आरोप लगाया है कि उनके मुवक्किल को कई स्वास्थ्यगत परेशानी है, जिन्हें नियमित उपचार की जरूरत है। बचाव पक्ष के वकील ने अनवर ढेबर का नियमित उपचार नहीं कराने का आरोप लगाया है। इस पर कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त करते हुए एसएसपी को पर्याप्त बल उपलब्ध कराने के आदेश दिए। बल उपलब्ध नहीं कराने पर एसपी के जिम्मेदार होने की टिप्पणी की।

# क्रिप्टो में मुनाफा मिलने का झांसा देकर 30 लाख की ठगी

- पांच लोगों के खिलाफ थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




मुजगहन थाना में एक व्यक्ति ने पांच लोगों के खिलाफ क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने पर भारी मुनाफा मिलने का झांसा देकर अलग-अलग किस्तों में अपने अकाउंट में 30 लाख रुपए ट्रांसफर के साथ नकदी रुपए लेकर ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाजों ने दो वर्ष पूर्व ठगी की घटना को अंजाम दिया है।

पुलिस के मुताबिक अवीवा ग्रीन सिटी निवासी सुशांत कुमार सिंह ने मयूर कुमार, रजनीकांत सुचित्रा, विजय घनश्याम राठौर, अमित कुमार थापा, वेदप्रकाश तथा राजेन्द्र सिंह के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। सुशांत ने पुलिस को बताया है कि ओडिशा निवासी अमित कुमार, वेदप्रकाश तथा राजेंद्रर से उसकी मुलाकात कोलकाता में हुई थी। मुलाकात के दौरान उन लोगों ने सुशांतो को क्रिप्टो में निवेश करने पर हर माह 10 प्रतिशत मुनाफा मिलने का झांसा देकर उन लोगों ने मयूर कुमार रजनीकांत सुचित्रा तथा विजय घनश्याम की गुजरात की कंपनी मेसर्स एमबीई कामर्स प्राइवेट लिमिटेड में रकम जमा कराई। रकम जमा करने के बाद रिटर्न नहीं मिलने पर कंपनी किसी दूसरे के पास बिकने का झांसा देकर मुनाफा के साथ मूलधन लौटाने में टालमटोल करते रहे। इसके बाद सुशांत ने पाचों के खिलाफ ठगी की शिकायत दर्ज कराई।

# लोक निर्माण के श्रमिकों को सम्मान निधि का भुगतान नहीं

**रायपुर।** लोक निर्माण विभाग के विधानसभा संभाग सब डिवीजन में कार्यरत कुशल, अकुशल और अर्धकुशल श्रमिक के रूप में कार्यरत श्रमिकों को सम्मान निधि की राशि का अब तक भुगतान नहीं किया गया है। कर्मचारियों ने लोक निर्माण सचिव के माध्यम से यह शिकायत करते हुए उप मुख्यमंत्री अरुण साव को पत्र लिखकर सम्मान निधि का भुगतान कराने का आग्रह किया है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा श्रमिकों को 4000 रुपए सम्मान निधि दिए जाने की घोषणा की गई थी। घोषणा के आर सभी डिवीजन में इसका भुगतान किया जा चुका है। विधानसभा संभाग में सब इंजीनियर के अंडर में कार्यरत श्रमिकों को यह राशि नहीं मिलने की शिकायत कर शीघ्र भुगतान कराने का आग्रह किया गया है। यहां पर एक दर्जन से ज्यादा कुशल, अकुशल और अर्धकुशल श्रमिक कार्यरत हैं।

# तेलीबांधा तालाब में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त गार्डन के व्यवसायीकरण पर ऐतराज

- उद्यान परिसर में झूला लगाने खुदाई, रात में मशीन से चल रहा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के नाम से तेलीबांधा तालाब के समीप बने उद्यान के व्यवसायीकरण का गहोई वैश्य समाज ने विरोध किया है। प्रतिमा के सामने समाजजनों के एकजुट होकर गार्डन परिसर में राष्ट्रकवि के प्रतिमा के समीप गार्डन मशीन से खुदाई कर झूले लगाकर व्यवसायीकरण करने पर नाराजगी जताई। समाज के अध्यक्ष अशोक बानी, सचिव संजय गुप्ता ने बताया कि रायपुर विकास प्राधिकरण की जमीन पर गार्डन बना है, उस जगह पर राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त की प्रतिमा लगाने प्राधिकरण के तत्कालीन अध्यक्ष श्याम बैस ने गहोई वैश्य समाज को यह जगह दी। बाद में इस गार्डन को प्राधिकरण ने रायपुर नगर निगम को मेंटेन करने दिया, पर आज राष्ट्रकवि के नाम से निर्मित गार्डन का व्यवसायीकरण किया जा रहा है, जो गलत है।

दरअसल, तेलीबांधा तालाब को रिक्रियेशन जोन के रूप में विकसित करने नगर निगम ने पीपीपी मोड पर एक निजी कंपनी के साथ पूर्व में अनुबंध किया है। अनुबंधित एजेंसी द्वारा तेलीबांधा तालाब एरिया में 4 अलग-अलग जोन विकसित रिक्रियेशन जोन बनाया गया है। इसमें फूडजोन, योगा जोन, फ्रीडम फाइटर वॉल शामिल है। इसके एवज में नगर निगम को अनुबंधित एजेंसी द्वारा हर साल अनुबंध की शर्त के अनुसार एक निश्चित रकम का भुगतान किया जाता है। सूत्रों के मुताबिक अनुबंधित एजेंसी द्वारा दो दिन पूर्व से तेलीबांधा तालाब परिसर के राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त उद्यान में झूला लगाने के लिए मशीन लगाकर जमीन की खुदाई कराई जा रही है। गार्डन परिसर में निर्माण की जानकारी होने पर गहोई वैश्य समाज के पदाधिकारियों ने समाज के अध्यक्ष अशोक बानी की अगुवाई में प्रतिमा के सामने एकजुट होकर गार्डन के व्यवसायीकरण करने पर विरोध जताया। उनका ये भी कहना है नगर निगम द्वारा हर साल राष्ट्रकवि की जयंती और पुण्यतिथि के मौके पर गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन कराया जाता रहा है। पर एकाएक इस गार्डन में प्रतिमा के सामने मशीन लगाकर गार्डन की खुदाई कराने से उन्हें तकलीफ हुई है। इस गार्डन में रोज सुबह-शाम बड़ी संख्या में शहवासी सेहतमंदी के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में इसका व्यवसायीकरण पर तत्काल रोक लगाई जाये।

- गहोई वैश्य समाज ने प्रतिमा के सामने बैठकर जताया विरोध
- महापौर एजाज ढेबर एमआईसी सदस्यों के साथ पहुंचे गार्डन, कहा- राष्ट्रकवि की गरिमा का रखा जायेगा ध्यान



### महापौर के साथ एमआईसी सदस्य और कांग्रेसी पार्षद पहुंचे गार्डन

महापौर एजाज ढेबर गुरूवार को जानकारी मिलते ही एमआईसी सदस्य श्रीकुमार मेनन, सहदेव व्यवहार, पार्षद प्रतिनिधि राधेश्याम विभार, हेमंत पटेल, जोन अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा, मनीराम साहू, पार्षद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव के साथ मैथिलीशरण गुप्त गार्डन पहुंचे। और कहा गार्डन के व्यवसायीकरण किये जाने की तैयारी के संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। श्री ढेबर ने गहोई वैश्य समाज के पदाधिकारियों को अपना समर्थन व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त गार्डन का व्यसायीकरण कदापि नहीं होने दिया जायेगा। इसमें राष्ट्रकवि की गरिमा एवं सम्मान का पूरा ध्यान रखा जाये, इसे हर हाल में सुनिश्चित करवाया जायेगा।

## दस साल से हो रहा आवागमन प्रभावित, नगर निगम व रेलवे सुस्त

# आने वाली है बारिश, चंद्रा व प्रियदर्शिनी अंडरब्रिज में फिर भरेगा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

टाउनशिप से पटरीपार जाने वाले लोगों को इस साल फिर बारिश के मौसम में नगर निगम की उदासीनता का खामियाजा भुगतना पड़ेगा। हर साल वाहनचालकों को परेशानियों के बाद भी प्रियदर्शनी परिसर अंडरब्रिज और चंद्रामौर्या अंडरब्रिज के जलभराव की समस्या का निदान नहीं किया गया है। क्षेत्रवासियों ने निगम के कमिश्नर से बरसात के पूर्व दोनों ब्रिजों की मरम्मत की मांग की है। महीनेभर बाद बरसात का मौसम शुरु होने वाला है।

टाउनशिप और पटरीपार क्षेत्र को जोड़ने वाले चंद्रा मौर्या रेलवे अंडरब्रिज और सुपेला के निकट प्रिदर्शनी अंडरब्रिज अपने निर्माण के समय से बरसात के मौसम से पानी के जमाव की समस्या से ग्रस्त हैं। पिछले दस साल से अधिक समय से बारिश के मौसम में पानी गिरने पर चार महीने आवाजाही की समस्या बनी रहती है। इससे वाहन चालकों को भारी परेशानी होती है। लगातार मांग के बाद भी भिलाई निगम दोनों ब्रिजों का संधारण नहीं करवा पा रहा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि दोनों ब्रिजों के निर्माण के समय डिजाइन में टेक्निकल फाल्ट होने से जलभराव की समस्या उत्पन्न हो जाती है। दो तीन घंटे पानी गिरने पर भी ब्रिज लबालब होकर स्वीमिंग पुल में तब्दील हो जा जाते हैं। पांच सात फीट पानी भरने से रास्त बंद हो जाता है। कम पानी में भी वाहनों को निकालने से इंजिन में पानी भर जाता है। चंद्रा ब्रिज में निगम मोटरपंप से पानी निकाल कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ले रहा है, लेकिन पानी निकासी के लिए टेक्निकल समस्या का निदान अब तक नहीं किया गया है। प्रियदर्शनी अंडरब्रिज में भी गाहे बगाहे नाली सफाई कर स्थाई निदान से पल्ला झाड़ा जा रहा है। तीन साल पूर्व विधायक देवेंद्र यादव ने कहा था कि अब कभी पानी नहीं भरेगा।



फाइल फोटो

### चारों अंडरब्रिज में टेक्निकल फाल्ट

भिलाई में अब तक बने सभी रेलवे अंडरब्रिज फेल हो चुके हैं। पिछले 12 साल के दौरान चंद्रा मौर्या टाकीज अंडरब्रिज, प्रियदर्शनी ब्रिज, नेहरु नगर चौक ब्रिज और पावरहाउस अंडरब्रिज का निर्माण रेलवे, नगर निगम, बीएसपी आदि एजेंसियों द्वारा किया गया। इनमें चंद्रा ब्रिज और प्रियदर्शनी बारिश में लबालब जलभराव और नेहरु नगर ब्रिज व पावरहाउस अंडरब्रिज में भी निर्माण व डिजाइन में फाल्ट होने से जलभराव की आंशिक समस्या पैदा होती है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि बीएसपी, 2 निगम और आईआईटी तथा कई इंजीनियरिंग कालेजों से युक्त इंजीनियरों के शहर में 4 अंडरब्रिजों का फेल हो जाना सोचनीय है। यह निर्मात्री एजेंसियों के साथ इसका संधारण जन प्रतिनिधियों के लिए भी चुनौती है। अब पांचवें नवनिर्मित सुपेला रेलवे क्रासिंग अंडरब्रिज पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

# बीएसपी के संपत्ति की न करें अवैध खरीदी बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- होगी कार्रवाई, जारी की वैधानिक सूचना

बीएसपी प्रबंधन ने अवैध कब्ज़ा, बैनर, पोस्टर, बीएसपी सम्पतियों के गैरकानूनी खरीदी एवं बिक्री आदि के विरुद्ध कई अभियान चलाकर जागरुक किया। इसके बाद भी धोखाधड़ी व गैरकानूनी कार्य किए जा रहे हैं। इसे देखते हुए संयंत्र प्रबंधन ने वैधानिक सूचना का विज्ञापन प्रकाशित कर नियम के विरुद्ध कार्य करने वालों को अंतिम चेतावनी दी गई है, कि संयंत्र की सम्पत्ति का गलत उपयोग पूर्णतः वर्जित है। इस तरह के प्रकरण मिलने या नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी क़ानूनी कार्यवाही की जायेगी। प्रबंधन ने चेताया है कि कि बीएसपी के लीजधारी / लाइसेंसी के साथ संपत्तियो (भूमि / भवन / मकान) के संबंध में बीएसपी की सहमति के बिना कोई लेनदेन न करें और इनका कोई गलत उपयोग ना करे। बीएसपी के संज्ञान में आया है कि बीएसपी संपत्तियों के संबंध में कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध लेन-देन (लाइसेंस/लीज/भूमि), स्वयं को ऐसी संपत्तियों का स्वामी या सेल-बीएसपी का एजेंट बताकर धोखाधड़ी की जा रही है। इस तरह के लेन देन और कब्जे के मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी। बीएसपी की जमीन पर अवैध गतिविधियां कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### प्रमुख सचिव बोरा ने किया प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण

**रायपुर।** आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने गुरुवार सुबह सड्डू स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया। जहां वे विद्यालय में जेईई, आईआईटी सहित प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों से रूबरू हुए। प्रमुख सचिव श्री बोरा ने प्रयास आवासीय विद्यालय का निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से कहा कि शासन प्रशासन की मंशा अनुरूप आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा तथा कमजोर वर्ग के बच्चों के लिए फाइव स्टार होटलों की तरह सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने यहां हॉस्टल के किचन का निरीक्षण कर बच्चों के लिए भोजन व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए।

### आकाश हिमाचल प्रदेश के पछाड़ विधानसभा आब्जर्वर

**रायपुर।** नगर निगम के एमआईसी सदस्य पार्षद आकाश तिवारी को शिमला लोकसभा के पछाड़ विधानसभा का ऑब्जर्वर बनाया गया है।



एआईसीसी से जारी आदेश में हिमाचल प्रदेश के प्रभारी राजीव शुक्ला ने यह आदेश जारी किया है। श्री तिवारी ने शीर्ष नेतृत्व का इस बड़ी जिम्मेदारी और भरोसे के लिए आभार प्रकट किया है।

### रायबरेली में पूर्व मंत्री उमेश ने किया प्रचार



**रायपुर।** रायबरेली के कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के समर्थन में पूर्व मंत्री खरसिया विधायक उमेश पटेल प्रचार के लिए पहुंचे। उन्होंने गुरुवार को रायबरेली के चुनाव अभियान में भाग लिया। रायबरेली में इससे पूर्व विधायक देवेंद्र यादव भी पहुंचे। उन्होंने भी कुछ विधानसभा क्षेत्र में प्रचार संभाला। यहां पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सीनियर ऑब्जर्वर बनाए गए हैं। वे छत्तीसगढ़ के नेताओं के साथ चुनाव प्रचार को गति देने में लगे हुए हैं। राज्य के कई कांग्रेस नेता यहां पर प्रचार के लिए पहुंचे हैं, वे प्रचार के अंतिम दिन 18 मई के बाद वहां से लौटेंगे।

### जुलाई से लागू होंगे नए आपराधिक कानून

**रायपुर।** नवीन आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए इन्हें लागू किए जाने के पूर्व पुलिस विभाग के विवेचक अधिकारियों को इसका प्रशिक्षण दिया जाएगा। पुलिस विभाग के विभिन्न स्तर के पुलिसकर्मियों को नवीन कानूनों का प्रशिक्षण प्रदान किए जाने हेतु पुलिस विभाग द्वारा हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय से समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया है। भारत सरकार द्वारा विगत दिनों तीन नवीन आपराधिक कानूनों का प्रकाशन राजपत्र में किया गया है। उक्त तीनों नवीन कानूनों को आगामी 1 जुलाई से लागू किया जाना है।

# पिछले चुनाव में जमानत राशि से 5 लाख हुई थी कमाई, इस बार 7 लाख से ज्यादा की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा लोकसभा सीट चुनाव के लिए प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म के साथ जमा की जमानत राशि से इस बार भी प्रशासन को जमकर कमाई हो सकती है। इस सीट के लिए इस बार 38 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा है, जिसका परिणाम 4 मई को मतगणना के दिन आएगा। पिछले लोकसभा चुनाव में 25 प्रत्याशी मैदान पर थे, जिनमें से निर्वाचित भाजपा प्रत्याशी के अलावा हारे प्रत्याशियों में सिर्फ कांग्रेस प्रत्याशी ही अपनी जमानत राशि बचा पाने में कामयाब हुए थे। शेष 23 प्रत्याशियों की जमानत राशि जब्त हो गई थी, जिससे प्रशासन को करीब पांच लाख रुपये की कमाई हुई थी। चुनाव के परिणाम पिछली बार की तरह अगर इस बार भी आते हैं, तो प्रशासन से इससे मोटी कमाई होगी, क्योंकि इस बार 38 प्रत्याशियों ने चुनाव लड़ा है। ऐसे में अगर 36 प्रत्याशी अपनी जमानत बचा पाने में असफल होते हैं, तो प्रशासन को 7 लाख रुपये से ज्यादा की कमाई हो सकती है।

रायपुर लोकसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करने साथ प्रत्याशियों को जमानत राशि भी जमा कराई गई है। इसके लिए निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार जाति वर्ग के अनुसार दो प्रकार की जमानत राशि जमा कराई है। इसमें अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग को छूट देते हुए 12 हजार 5 सौ रुपये तथा अन्य वर्ग के प्रत्याशी से 25-25 हजार रुपये जमानत राशि जमा कराई गई है। विधानसभा चुनाव में जमानत राशि 5 हजार और 10 रुपये थी।

## रायपुर लोकसभा सीट चुनाव वर्ष 2019 में 25 में 23 प्रत्याशी बचा नहीं पाए थे जमानत

### जमानत राशि बचाने कुल मतों का 1/6 प्रतिशत वोट पाना अनिवार्य

लोकसभा चुनाव हो या फिर विधानसभा या फिर पार्षद चुनाव। निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन के अनुसार प्रत्याशी अपनी जमानत राशि तभी बचा पाएगा जब निर्वाचन क्षेत्र में पड़े कुल वोटों का 1/6 यानी लगभग 16.66 प्रतिशत वोट उसे मिले हो। इससे कम वोट मिलने पर प्रत्याशी की जमानत राशि जब्त हो जाती है।




### जीते और निर्धारित वोट पाने वाले को लौटाई जाएगी जमानत राशि

आयोग की गाइड लाइन के अनुसार चुनाव में जीते प्रत्याशी के अलावा हारे प्रत्याशियों में निर्धारित वोट हासिल करने वाले प्रत्याशियों को उनकी जमानत राशि वापस लौटाई जाती है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा से निर्वाचित हुए सुनील सोनी और हारे प्रत्याशी में कांग्रेस प्रत्याशी से प्रमोद दुबे को जमानत राशि वापस लौटाई गई थी।

## छत्तीसगढ़ की धान खरीदी और महतारी वंदन योजना की ओडिशा में भी धूम

# साय बोले- ओडिशा में भाजपा सरकार बनते ही किसानों से खरीदेंगे 3100 रुपए में धान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ओडिशा में जनसभा लेने पहुंचे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वहां के भाजपा के संकल्प पत्र पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ की तर्ज पर यहां भी किसानों को उनके धान की 3100 रुपए कीमत दी जाएगी। आज धान खरीदी के मामले में छत्तीसगढ़ उदाहरण बन कर सामने आया है। ओडिशा में डबल इंजन की सरकार बनने पर छत्तीसगढ़ की तरह यहां भी माताओं को महतारी वंद के जैसे सुभद्रा योजना से आर्थिक मदद की जाएगी।

श्री साय ने कहा, हम धान का कटोरा के नाम से प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ से आते हैं, जहां अन्नदाता भगवान होता है और धान की बाली महतारी के माथे पर सोने जैसे दमकती है। इसीलिए किसान ही छत्तीसगढ़ के सब कुछ हैं, जिसके लिए हमारी भाजपा सरकार समर्पित है। वहां हमारी सरकार वादे के मुताबिक किसानों से 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल में धान खरीद रही है, साथ में अंतर की राशि भी एकमुश्त दे रहे हैं। जैसे ही 4 जून को यहां भाजपा की सरकार बनेगी तो यहां भी 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से धान की खरीदी होगी। श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना के तहत हमारी सरकार सत्तर लाख से ज्यादा माता-बहनों को हर महीने के पहले सप्ताह में ही एक-एक हजार की राशि दे रही है। उसी तर्ज पर ओडिशा में भाजपा सरकार बनते ही सुभद्रा योजना के तहत माता-बहनों को 50 हजार का एकमुश्त वाउचर मिलेगा। उन्होंने कहा, नरेंद्र मोदी की गारंटी मतलब गारंटी के पूरा होने की गारंटी। इसलिए ओडिशा में डबल इंजन की सरकार बनाएं, क्योंकि भाजपा जो कहती है उसे करती है। हमारे छत्तीसगढ़ में यही हो रहा है।



### साय की तीन सभाएं

*सीएम साय ने सुंदरगढ़ के बालीसंकरा, बरगढ़ के बिजेपुर और बलांगीर के बीरमहाराजपुर में सभाएं करके भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा, यह लोकसभा चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने का चुनाव है। श्री साय ने कहा, हमारे छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता अटल बिहारी बाजपेयी ने आदिवासियों के हित के लिए अलग से आदिम जाति कल्याण मंत्रालय बनाया, जहां आदिवासी मंत्री पदभार संभालते हैं और बजट की कोई कमी नहीं होती है। आपके ओडिशा के बेटे जुएल ओरांव इस मंत्रालय के दो बार मंत्री बने। इसलिए हम कह सकते हैं कि आदिवासियों का हित भाजपा में ही संभव है।*

### सीएम साय बोले- नक्सल मामलों के लिए नई पुनर्वास नीति लाने पर किया जा रहा विचार

*प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पुनर्वास नीति पर कहा, हमारी पुनर्वास नीति के कारण नक्सली आत्मसर्पण भी कर रहे हैं। हम देख रहे हैं कि इस नीति में और नया बेहतर हो सकता है, साथ ही नई पुनर्वास नीति लाने पर विचार किया जा रहा है। नक्सलियों पर की जा रही कार्रवाई को लेकर कांग्रेस द्वारा सवाल खड़े किए जाने पर मुख्यमंत्री ने दुःखद बताया है। उनका कहना है, कांग्रेस को इन सब विषयों को राजनीति से ऊपर उठकर देखना चाहिए। पुलिस ग्राउंड हेलीपेड पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, पिछली बार जब 29 नक्सली मारे गए, तब कांग्रेस और विपक्ष के लोग इस घटना को नकली बता रहे थे, जबकि स्वयं नक्सलियों ने 29 लोगों की लिस्ट जारी की। ये बहुत ही दुःख की बात है। अब इन लोगों को क्या कहें, ये लोग तो सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक पर प्रश्न खड़ा करने वाले लोग हैं। उनसे मेरा यह आग्रह है कि इन सब विषयों को राजनीति से ऊपर उठकर देखें।*

# किसानों ने अब तक लिया हजार करोड़ का कर्ज, सोसाइटियों में खाद बीज का भंडारण और उठाव तेज

- किसानों को 7 हजार 300 करोड़ ऋण देने का लक्ष्य
- सोसाइटियों और बीज निगम में उपलब्ध हैं धान के बीज



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन की फसलों के लिए किसानों ने बिना ब्याज का ऋण देने की प्रक्रिया तेज है। अब तक राज्य में किसानों ने एक हजार करोड़ रुपयों का ऋण उठाया है। किसानों को नकद राशि के साथ खाद भी बतौर ऋण दिया जाना है। सहकारी क्षेत्र के लिए पौने तीन लाख मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है। किसानों ने अब तक 66 हजार मीट्रिक टन खाद उठाया है।

राज्य सरकार ने इस खरीफ सीजन में किसानों को 7 हजार 3 सौ करोड़ रुपए ऋण देने का लक्ष्य रखा है। किसानों को ऋण के रूप में नकद राशि और खाद दी जाती है। सहकारी क्षेत्र के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार किसान खरीफ फसलों की तैयारी में जुट गए हैं। 15 मई की स्थिति में किसानों ने एक हजार करोड़ रुपए का ऋण उठाया है। सहकारी सिस्टम से किसानों को देने के लिए पौने तीन लाख मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया है। इसमें यूरिया, एपीके, एनपीके, सुपर फास्फेट और पोटास खाद शामिल है। इसी तरह सहकारी क्षेत्र के लिए बीज का भंडारण भी किया गया है। राज्य में खरीफ सीजन में अधिकांशतः धान की खेती की जाती है इसलिए सबसे अधिक भंडारण धान के बीज का किया गया है। 75 हजार क्विंटल धान के बीज साथ कोदो, कुटकी रागी के बीज भी सोसाइटियों में उपलब्ध कराए गए हैं।

### समितियों से खाद का वितरण प्रारंभ

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में 25 लाख से अधिक पंजीकृत किसान हैं। किसानों को खाद के वितरण के लिए 2058 सोसायटियां हैं। अभी यूरिया का जितना भंडारण हुआ है, उसका 18728 टन वितरण हो गया है। बोनी शुरू होते ही किसानों को खाद की समस्या से जूझना पड़ सकता है। वैसे अभी रैक आने पर जून से पहले यूरिया का पूरा भंडारण करवा का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में खाद का भंडारण लक्ष्य के अनुरूप करने का प्रयास हो रहा है।

### बीज निगम में भी 6 लाख टन धान के बीज

बीज निगम के अधिकारियों ने बताया कि खरीफ सीजन को देखते हुए खाद के साथ ही बीज का भंडारण भी किया जा रहा है। प्रदेश में कुल 6 लाख 88 हजार टन बीज की उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य के मुकाबले 6 लाख 60 हजार बीज का भंडारण किया जा चुका है। सहकारी समितियों में 1 लाख 40 हजार टन बीज का भंडारण किया जा चुका है। यहां पर किसानों को बीज का वितरण शुरू किया जा चुका है।

# प्रदेश के मंत्री दिखा रहे अब ओडिशा में प्रचार में दम

## दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा के साथ बृजमोहन, टंकराम, चौधरी के साथ राजेश मूणत भी डटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मंत्रियों, विधायकों एवं पदाधिकारियों ने गुरुवार को भी ओडिशा से अलग-अलग लोकसभा एवं विधानसभा क्षेत्र में प्रचार अभियान जारी रखा। मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव बरगढ़ एवं संभलपुर, वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल कांटाभांजी लोकसभा क्षेत्र, मुख्यमंत्री विजय शर्मा बरगढ़ एवं मयूरभंज, मंत्री ओपी चौधरी बरगढ़ एवं सुंदरगढ़, मंत्री टंकराम वर्मा सुंदरगढ़, पूर्व मंत्री राजेश मूणत भुवनेश्वर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा संबलपुर साहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता प्रचार अभियान में जुटे हुए हैं।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, भारतीय जनता पार्टी से बेहतर विकल्प ओडिशा के लिए कोई और नहीं है क्योंकि जिस प्रकार पिछले 25 वर्षों से ओडिशा का शोषण किया गया है। उसके विदाई का ओशासा की जनता ने मन बना लिया है। ओडिशा की जनता इस चुनाव को भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनाने के सुनहरे अवसर के रूप में देख रही है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, ओडिशा की तकदीर एवं तस्वीर बदलने के लिए भाजपा जरुरी है। क्योंकि नवीन पटनायक सरकार का रवैया ओडिशा के विकास के लिए निष्क्रिय है। पटनायक सरकार केवल सत्ता को अपना उद्देश्य मानती है सेवा को नहीं। भाजपा इस बार लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में प्रचंड विजय दर्ज करेगी।






### भाजपा को मिल रहा है भरपूर समर्थन : बृजमोहन अग्रवाल

वरिष्ठ मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, पटनायक सरकार ने पिछले ढाई दशकों से प्रदेश को भ्रष्टाचार का अड्डा बनाकर रखा है। पिछले 10 वर्षों में केंद्र की हर कल्याणकारी योजनाओं में अड़ंगा लगाकर ओडिशा को शोषित बनाकर रखा है। लेकिन अब ओडिशा की जनता ने प्रदेश की उन्नति के लिए भाजपा को जिताने का संकल्प कर लिया है और इसीलिए भाजपा को मजबूत समर्थन मिल रहा है। संबलपुर में एक चुनावी सभा में रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा, नवीन पटनायक ने ओडिशा में कुशासन का कीर्तिमान स्थापित किया है। केंद्र की योजनाओं पर बाधा अटकाने एवं मोदी सरकार की योजनाओं पर अपने नाम की लीपापोती करने के अलावा कोई काम नहीं किया है।

### मूणत बैठक में हुए शामिल

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा के निवास कार्यालय (पुरी) में आयोजित बैठक में विधायक राजेश मूणत शामिल हुए। उन्होंने कहा, पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि आमजनों के मन में हमारे प्रत्याशी जयंत कुमार सारंगी और संबित पात्रा के प्रति बेहद स्नेह है। जनता ने तय कर लिया है कि वह भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करके ओडिशा में डबल इंजन की सरकार बनाएंगे।

### नेताम झारखंड में

छत्तीसगढ़ के कृषि मंत्री तथा झारखंड के पूर्व सहप्रभारी रहे राम विचार नेताम इन दिनों झारखंड के प्रवास पर हैं। यहां उन्होंने राज्य के गिरीडीह लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार एवं जनसंपर्क अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगे।

# मीसा बंदियों के लिए सम्मान निधि जारी सरकार ने दिए 35 करोड़ 42 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के मीसा बंदियों को सम्मान निधि देने के लिए राज्य सरकार ने राशि जारी कर दी है। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में यह सम्मान निधि रोक दी गई थी। इसके बाद मामला कोर्ट में भी गया था। लोकनायक जयप्रकाश नारायण सम्मान निधि के भुगतान के लिए वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक एरियर्स एवं चालू वित्तीय वर्ष 2024 में भुगतान के लिए जिला कलेक्टर्स को 35 करोड़ 42 लाख 68 हजार रुपए की राशि का आबंटन सौंपा गया है।

### सबसे अधिक राशि दुर्ग जिले को

*लोकनायक जयप्रकाश नारायण सम्मान निधि के भुगतान हेतु जिला कलेक्टर्स को जारी आबंटन में से जिला दुर्ग को 8 करोड़ 22 लाख 12 हजार, रायपुर को 6 करोड़ 65 लाख 26 हजार, राजनांदगांव को 73 लाख 78 हजार, बिलासपुर को 3 करोड़ 90 लाख 60 हजार, बस्तर को 35 लाख 65 हजार, सरगुजा को 1 करोड़ 39 लाख 50 हजार, जांजगीर-चांपा को 1 करोड़ 73 लाख 91 हजार, रायगढ़ को 92 लाख 7 हजार, जशपुर को 79 लाख 5 हजार, धमतरी को 2 करोड़ 74 लाख 66 हजार, महासमुंद को 65 लाख 10 हजार, बलौदाबाजार को 55 लाख 80 हजार, बेमेतरा को 27 लाख 90 हजार, बालोद को 44 लाख 2 हजार और मुंगेली जिले को 65 लाख 72 हजार रुपए की राशि आबंटित की गई है। इसी प्रकार जिला बलरामपुर को 15 लाख 50 हजार रूपए, दंतेवाड़ा को 7 लाख 13 हजार रूपए, कबीरधाम जिले को 38 लाख 75 हजार रूपए, कोरिया जिले को 44 लाख 95 हजार रुपए, कांकेर जिले को 29 लाख 45 हजार रुपए, कोरबा जिले को 51 लाख 15 हजार रुपए, सूरजपुर जिले को 35 लाख 65 हजार रुपए, गरियाबंद जिले को 18 लाख 60 हजार रुपए, बीजापुर जिले को 9 लाख 30 हजार रुपए, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले को 23 लाख 25 हजार रुपए, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले को 46 लाख 50 हजार रुपए, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले को 62 लाख रुपए और जिला सक्ती को 1 करोड़ 55 लाख 31 हजार रुपए की राशि आबंटित की गई है।*



# विश्व बैंक परियोजना : जीआईएस बेस मैप सर्वे में कई निकाय पिछड़े, अब 31 तक पूरा करना होगा परियोजना का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विश्व बैंक परियोजना के माध्यम से छत्तीसगढ़ के 46 नगरीय निकायों को संपत्ति सर्वे, संपत्ति का ड्रोन सर्वे, जीआईएस बेसमैप तैयार करने और हर घर में डिजिटल डोर नंबर लगाने का जो काम दिया गया था वह अब तक पूरा नहीं हो पाया है। राज्य शहरी विकास अभिकरण(सूडा) ने इस मामले को लेकर उन निकायों को रिमाइंडर जारी किया है जिनका काम लक्ष्य से पीछे चल रहा है। सूडा ने इस स्थिति को खेदजनक मानते हुए कहा है कि यह निकायों की उदासीनता का परिचायक है।

सूडा ने इस मामले में राज्य के कई निकायों को रिमाइंडर लेटर जारी किया है। इनमें नगर निगम धमतरी, नगर पालिका परिषद खैरागढ़, शिवपुर चरचा, आरंग, बालोद, बेमेतरा, जामुल, सरायपाली, सक्ती, दीपिका, डोंगरगढ़, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, रतनपुर, भाटापारा, जांजगीर-नैला, तिल्दा नेवरा, बलौदाबाजार, कांकेर, कोंडागांव, बड़े बचेली, बीजापुर, मुंगेली, चांपा और अकलतरा शामिल है।



### अब जारी हुआ ये निर्देश

सूडा ने संबंधित निकायों को निर्देशित किया है कि निकाय में कार्यरत एजेंसी द्वारा निकाय क्षेत्रांतर्गत वार्डवार किए गए डोर टू डोर सर्वे, डाटा के गुणवत्ता परीक्षण का काम दस दिन के अंदर पूरा करें। सूडा ने निकायों को एक डोर टू डोर संपत्ति सर्वे के अनुसार संपत्तियों की जानकारी देने एक प्रोफार्मा भी जारी किया है। निकायों से यह जानकारी देने कहा गया है। इसमें जीआईएस में कुल पार्सल संख्या, डोर टू डोर संपत्ति सर्वे की कुल संख्या के साथ जानकारी देनी है। इसमें संपत्ति के उपयोग, संपत्ति की संख्या, डोर लॉक्ड, नो रिस्पांस संपत्ति की संख्या की जानकारी देनी है। जिन संपत्तियों की जानकारी देनी है उनमें एग्रीकल्चर, एजुकेशनल, इमरजेंसी, शासकीय, औद्योगिक, मिश्रित, ओपन प्लाट, ओपन स्पेस, पार्क, पार्किंग, पब्लिक सर्विस, रिक्रियेशन, धार्मिक, आवासीय, निर्माणधीन, और वाटर बाडीज यानी तालाब, नहरों के बारे में जानकारी देना शामिल है।

### ये फायदा होगा

इस प्रणाली के माध्यम से विकास कार्यों के लिए जगह ढूंढना आसान होगा। जीआईएस मैपिंग में मास्टर प्लान, लैंड यूज आदि का समावेश किया जाएगा, जिससे कि शहर में ट्रैफिक की समस्या के समाधान के लिए कहां अंडर ब्रिज, ओवर ब्रिज या बाई पास रोड बनाई जानी है, स्टेडियम के लिए कौन सी जगह उपयुक्त होगी आदि का पता लगाना आसान होगा।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### बढ़ी उमस, सुबह से शाम तक छाई रही बदली

**डौंडीलोहारा।** शुक्रवार को सुबह से शाम तक बदली छाई रही। इसके चलते मौसम सुहाना हो चला था। आसपास के क्षेत्र में एक दिन पहले बारिश की जानकारी मिली थी। इसी के चलते शुक्रवार को उमस भी नहीं थी। ऐसा लग रहा मानो बरसात का मौसम आ गया है। कभी-कभी, कुछ-कुछ देर तक हल्की बौछारें भी पड़ रही थी। इस बार लोगों को उमस भरी गर्मी के अलावा, लू का एहसास नहीं हो पा रहा है, जबकि नौतपा लगने में सप्ताह भर ही बाकी है। जबकि ऐसे समय में लोगों को लू के थपेड़ों से दो चार होना पड़ता है।

### सेजस छावनी स्कूल में प्रवेश लाटरी 20 को

**भिलाई।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छावनी में शिक्षा सत्र 2024-25 में प्रवेश के लिए लाटरी प्रक्रिया शासन के नियमानुसार समय सीमा में पूर्ण किया जाना है। विद्यालय की प्राचार्या शीला फ्रांसिस ने बताया कि प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 10 अप्रैल से 10 मई तक निर्धारित की गई थी। प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 10 मई को थी। वहीं कक्षा पहली के कुल 50 रिक्त सीटों के लिए 126 आवेदन फार्म प्राप्त हुए हैं। 20 मई को प्रातः 10 बजे से विद्यालय प्रांगण में लाटरी की प्रकिया पूर्ण किया जाना निर्धारित है। स्वामी आत्मानंद स्कूल में प्रवेश के लिए लाटरी की प्रक्रिया को पारदर्शिता पूर्वक संपन्न करने के लिए ऑनलाइन आवेदकों पलकों एवं सहयोगी शिक्षकों की उपस्थिति में लाटरी की प्रक्रिया को पूर्ण किया जायेगा। स्वामी आत्मानंद स्कूलों में प्रवेश प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। जहां आवेदन ज्यादा है वहां लॉटरी निकाली जाएगी।

### आठ लाख के जेवरात जब्त तीन गिरफ्तार

**भिलाई।** नकबजनी मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने संदिग्ध युवकों को पकड़ा गया। युवकों में हरियाणा निवासी सुखविन्दर सिंह, अमृतसर पंजाब सुरजीत सिंह, बोलांगीर उड़िसा नरेश साहू उर्फ चांदी शामिल है। पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि सुपेला, वैशाली नगर, स्मृति नगर एरिया से सुने मकान में चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर उसके कब्जे से सोना चांदी के जेवरात बरामद किया। आरोपियों से 8 लाख रुपये का सामान बरामद किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है।

### दुर्घटना में घायल व्यक्ति की पहचान नहीं

**दुर्ग।** दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल एक व्यक्ति का जिला अस्पताल के आईसीयू में ईलाज चल रहा है। व्यक्ति की स्थिति स्थिर बनी हुई है। वह बोल पाने की स्थिति में नही है। जिसकी वजह से उसकी पहचान नहीं की जा सकी है। उसकी उम्र लगभग 45 वर्ष बताई जा रही है। हुलिए से अज्ञात व्यक्ति का रंग सांवला, कद 5 फीट 7 इंच, वजन लगभग 76 किलो है। अज्ञात व्यक्ति का जिला अस्पताल के आईसीयू इंचार्ज डॉ. अनिल विवेक सिन्हा की निगरानी में ईलाज चल रहा है। उन्होने बताया कि उक्त व्यक्ति को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाया गया था। उसके मस्तिष्क पर गंभीर चोट को देखते हुए उसे आईसीयू में शिफ्ट किया गया।

**आयोजन :** विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी का 7 दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण शिविर जारी

# शास्त्र के साथ शस्त्र विद्या में निपुण होंगी दुर्गावाहिनी की सदस्य





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विश्व हिंदू परिषद दुर्गावाहिनी का 7 दिवसीय शौर्य प्रशिक्षण शिविर के तृतीय दिवस बौद्धिक वर्ग में विश्व हिन्दू परिषद के प्रांत दुर्गावाहिनी सह संयोजिका पूजा जैन, जिला अध्यक्ष बालोद जिला विश्व हिंदू परिषद बलराम गुप्ता की उपस्थिति में बौद्धिक सत्र प्रारंभ हुआ।

मुख्य वक्ता पूजा जैन ने कहा कि बहनों का आयाम दुर्गावाहिनी मां दुर्गा को प्रतीक मानकर, अपना आदर्श मानकर बहने अपना कार्य करती है। देवी शक्ति स्वरूपा हिन्दू धर्म संस्कृति अपने धर्म की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहती है। दुर्गावाहिनी में बहनों की शक्ति को राष्ट्र धारा में जोड़ने के लिए 1991 में शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को दुर्गावाहिनी की स्थापना साध्वी ऋतुम्भरा की उपस्थिति में किया गया। पूजा जैन ने कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से बहनों में आत्म विश्वास जगाना, मानसिक, शारीरिक, बौद्धिक, आत्मबल बढ़ाना राष्ट्रहित में कार्य करने तथा तत्पर तैयार करना सामाजिक, धार्मिक, बौद्धिक रूप से तैयार किया जाता है। दुर्गावाहिनी का कार्य क्षेत्र आदर्श वाक्य सेवा, सुरक्षा, संस्कार को लेकर कार्य करने वाली संस्था है। स्वयं की सुरक्षा के साथ राष्ट्र धर्म व संस्कृति की सुरक्षा करना है। हमारी बहनों को शास्त्र के साथ शस्त्र विद्या में भी निपुण होना आवश्यक है। वर्ग 1 में शामिल बहनों को बंदूक चलाना, दंड चलाना, योग कराते के साथ राष्ट्रीय गीत व भारत माता की आरती भी करायी जा रही है। बिलासपुर, गरियाबंद, जगदलपुर, महासमुंद, मुंगेली, राजनांदगांव, राजिम, धमतरी व बालोद जिला की बहनों का दल लगातर तीसरे दिन शाला मैदान में प्रशिक्षण ले रही है। इस वर्ग में प्रांत सह संयोजिका पूजा जैन, प्रीति दुबे, जिला मंत्री राज सोनी, जिला मातृशक्ति संयोजिका सत्या साहू, चौलेश देशमुख, बोधन भट्ट, मोनू सोनवानी, उमेश सेन, जयंत साहू, पद्मिनी साहू, ममता यदु, योगिता साहू, धारणी निषाद, खिलेश्वरी साहू, शोभा साहू, पंकज जैन, पूजा सोनी, पुनिता मिश्रा, उषा साहू, भगवती साहू, मोहित साहू, संगीता शर्मा, जानकी यादव, नंदा, योगिता शर्मा, राजपूत, कमल बजाज, पंकज जैन साहू सहित अन्य संगठन के सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे। मंच संचालन विनीता शर्मा राजिम विभाग ने किया।




**पालकों में भी खुशी**

वर्ग में शामिल होने आई बेटियों के पालकों में इस वर्ग को लेकर बहुत ही खुशी देखी गई। चौलेश देशमुख, ढाल साहू, जयन्त साहू, योगिता साहू, शोभा साहू ने बताया कि अपनी बेटियों को आत्मरक्षा के गुर सीखते हुए देखना बहुत ही गौरवान्वित हो रहा है। इस वर्ग से हमारी बेटियों में गजब का उत्साह बना हुआ है। वहीं राजनांदगांव दुर्गावाहिनी जिला संयोजिका हेमा साहू, शतील बघेल, उषा साहू मुंगेली ने कहा कि वर्ग में बहनों को स्वयं की आत्मरक्षा करने प्रेरित करने के साथ इसके लिए प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। वर्ग में आकर हमें संस्कारित, सनातन धार्मिक शिक्षा भी मिल रहा है।

# लोक कल्याण से जुड़े प्रकरणों का शीघ्र निराकरण होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, जिससे आम जनता को राजस्व प्रकरणों के निराकरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो।

कलेक्टर चन्द्रवाल कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने अनुविभाग एवं तहसीलवार लंबित राजस्व प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों तथा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों से उनके न्यायालयों में लंबित राजस्व प्रकरणों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को अधिकतम 6 माह की अवधि में राजस्व प्रकरणों का अनिवार्य रूप से निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि विशेष परिस्थिति में 6 माह की अवधि में राजस्व प्रकरणों का निराकरण नहीं होने पर उनका वाजिब कारण भी उल्लेख किया जाए। चन्द्रवाल ने राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों को शासकीय कार्यालयों के लिए भूमि आबंटन जैसे लोक कल्याण से जुड़े प्रकरणों के निराकरण हेतु शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने बंटवारा, सीमांकन, व्यपवर्तन, नामांतरण, खाता विभाजन सहित सभी राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को उक्त सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समयावधि में करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आम नागरिकों को आय, जाति, निवास आदि प्रमाण पत्र बनाए जाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को लोक सेवा केन्द्र आदि का नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सभी राजस्व अधिकारियों को आरबीसी 6/4 के प्रकरणों का भी त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए, जिससे की प्रभावित लोगों को मुआवजा प्रदान करने में किसी भी प्रकार का विलंब या कठिनाई न हो।



**अवैध प्लाटिंग रोकने जमीन रजिस्ट्री का होगा मूल्यांकन**

कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को अवैध प्लॉटिंग की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु समय-समय पर पंजीयन कार्यालय में पहुंचकर जमीन रजिस्ट्री कार्य का भी मुआयना करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने वृक्ष कटाई के अनुमति हेतु प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार कार्रवाई करते हुए प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। चन्द्रवाल ने राजस्व अधिकारियों को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में सड़क दुर्घटना की रोकथाम हेतु उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने सर्पदंश से होने वाले जन हानि को रोकने हेतु अस्पतालों में एंटीवेनम आदि की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने तहसील परिसर को साफ-सुथरा, हरा-भरा एवं व्यवस्थित रखने वाले तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को स्वतंत्रता दिवस एवं गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुरस्कृत करने की भी जानकारी दी।

# पुत्रों के साथ दुकानदार ने ग्राहक को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- सब्जी पसरा में ग्राहक का पैर लगने के बाद शुरू हुआ विवाद

बुधवार को सब्जी बेच रहे व्यापारी और उसके दो बेटे ने ग्राहक की पिटाई कर दी। ग्राहक का कसूर इतना था कि सड़क पर सब्जी लेने के दौरान वह पैदल चल रहा था। इस दौरान उनका पैर जल्दबाजी में सब्जी पसरा में चला गया, दुकानदार गुस्सा होकर ग्राहक के साथ गालीगलौज शुरू कर दिया।

इस दौरान ग्राहक द्वारा गाली गलौज करने से मना करने पर सब्जी व्यापारी और उसके दो बेटो में ग्राहक के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में घायल नयापारा निवासी आशीष कुमार शर्मा ने कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की। प्रार्थी आशीष ने बताया कि 15 मई को देर शाम करीब 7:30 बजे बाजार में सब्जी खरीदने गया था, जहां भारत सोनकर की पत्नी बुधवारी बाजार बालोद में सब्जी पसरा लगाया था। पैर से क्रास किया तो उसके दोनो लड़के गाली गलौज किए तथा भारत सोनकर के द्वारा वही पास रखे बांस के डंडे से मारपीट की गई। जिससे सिर में चोंट आने से खून निकला है। पुलिस ने मारपीट करने वालों के खिलाफ 294, 323,34, 506 के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुट गई है।



**सड़क पर लगाते हैं सब्जी दुकान, विवाद और मारपीट की घटना हुई आम:** शहर के साप्ताहिक बाजार में सब्जी व्यापारी चबूतरे को छोड़कर सड़क में सब्जी दुकान लगाकर व्यवसाय करते हैं। इससे पैदल चलकर खरीदारी करने वालो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वहीं इस तरह के मारपीट और विवाद की स्थिति बुधवारी बाजार में आम बात हो गई। सब्जी व्यापारियों की मनमानी के चलते आए दिन आमजनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### पालिका प्रशासन को करनी होगी पहल

50 लाख रुपए से भी अधिक की राशि से बने चबूतरा को छोड़कर सड़क पर सब्जी दुकान लगा रहे सब्जी व्यापारियों और ग्राहकों के बीच आए दिन कहासुनी, विवाद और मारपीट जैसी घटना सामने आ रही है। पालिका प्रशासन को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है। सब्जी दुकान लगाने बाजार को व्यवस्थित करने की जरूरत है ताकि ग्राहकों को भी समस्या न हो।

### ओमप्रकाश ने 9वीं बार किया रक्तदान




**बालोद।** ग्राम भेड़िया नवागांव निवासी ओमप्रकाश शांडिल्य ने रक्तवीर नागेंद्र सिन्हा के माध्यम से जिला अस्पताल बालोद में ब्लड बैंक स्टाफ डा. अजय साहू, उत्तम टंडन, दिलीप कुमार, अभिमन्यु करपाल, हिना धुर्वे, दीपिका राजपूत के समक्ष अपना बी पॉजिटिव रक्त समूह का 9वीं बार रक्तदान किया। इस नेक कार्य के लिए हरीश कुमार, सूर्यकांत यादव, बंटी साहू, शम्मी सिन्हा, राकेश कुमार, सीमन साहू, चोवा राम, नोहर कुमार, पप्पू साहू, अनिल सिन्हा, घना राम, डिगेस्वर कुमार ने हर्ष व्यक्त किया।

# ट्रैक्टर चालक ने घर मालिक से की मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- घर के सामने बने रेम को तोड़ा, मालिक ने मना किया तो शुरू हुआ विवाद
- ट्रैक्टर चालक ने दूसरे दिन आकर कर दी पिटाई

ट्रैक्टर चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए घर के सामने बने रेम को तोड़ दिया। घर मालिक ने ट्रैक्टर चालक को सावधानीपूर्वक चलाने की समझाइश दी। इस बात को लेकर ट्रैक्टर चालक आक्रोशित हो गया और दूसरे दिन घर मालिक के साथ गाली गलौज पिटाई कर दी। मामले में ग्राम मोहलाई निवासी धमेंद्र ने प्रकाश निषाद नामक युवक के खिलाफ अर्जुन्दा थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया है। प्रार्थी ने बताया कि 13 मई को गांव के टिकेश्वर हिरवानी अपने ट्रैक्टर में पैरा कुटटी भरकर प्रकाश निषाद के घर ले जा रहा था। उसके घर के सामने बने रेम का किनारा जो ट्रैक्टर के चलने से टूट गया। जिसे ट्रैक्टर चालक टिकेश्वर हिरवानी को बोला कि अपना वाहन ध्यान से लेकर जाओ, घर के बाहर बने रेम का किनारा टूट गया, मेरा नुकसान हो रहा है।

उसके एक दिन बाद शाम करीबन 5.30 बजे प्रकाश निषाद अपने साथी ईश्वर निषाद के साथ प्रार्थी के घर के पास आया। पुरानी रंजिश को लेकर मोटर सायकल घर के बाहर खड़ी थी, तोड़ दूंगा और रेम में भी तोड़फोड़ करूंगा। कहकर गाली गलौज करने लगा। प्रार्थी घर के बाहर निकला और प्रकाश निषाद को गाली गलौज करने से मना किया तो वह आक्रोशित होकर जान से मारने की धमकी देते हुए पास में रखे बांस के डण्डा को उठाकर मारपीट शुरू कर दिया। जिससे उसके दाहिने हाथ के पास चोट आई है। पुलिस ने मारपीट करने वाले प्रकाश निषाद के खिलाफ धारा 294, 323, 506(बी) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।




# रेलवे अंडरब्रिज में इस साल फिर भरेगा कीचड़युक्त पानी

**बालोद।** नगर पालिका क्षेत्र के पाररास वार्ड 20 में बने अंडरब्रिज से होकर गुजरने वाले लोगों को इस साल फिर बारिश के मौसम में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

- नपा और रेलवे प्रशासन की उदासीनता से राहगीर होंगे परेशान

नगर पालिका प्रशासन और रेलवे प्रशासन की उदासीनता का खामियाजा हर साल बारिश के दिनों में लोगों को भुगतना पड़ता है। बूढ़ापारा और पाररास के बीच बने अंडरब्रिज में हर साल पानी जाम होने के कारण वाहन चालकों को परेशानियों का सामना करना होता है, इसके बाद भी अंडरब्रिज के जलभराव की समस्या का निदान नहीं किया गया है। अंडरब्रिज में जलभराव के साथ गंदगी भी फैली है, जिसे वार्ड पार्षद द्वारा समय-समय पर अंडर ब्रिज की सफाई के लिए नगर पालिका प्रशासन कहने की बात कह रही हैं। इसके साथ ही क्षेत्रवासियों द्वारा भी बरसात के पूर्व ब्रिज की सफाई की मांग की जा रही है। महीनेभर बाद बरसात का मौसम शुरु होने वाला है। ऐसे में सफाई करना बेहद जरूरी है। बूढ़ापारा और पाररास क्षेत्र को जोड़ने वाले यह रेलवे अंडरब्रिज अपने निर्माण के समय से ही बरसात के मौसम से पानी के जमाव की समस्या से ग्रस्त है।

**चिरपोटी में श्री शिवमहापुराण के अंतिम दिवस हुआ हवन**

# कुल देवी-देवताओं के पूजन से आती है सुख-समृद्धिः आचार्य अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्रामीणजनों में शांति- सद्भावना स्थापित करने की दृष्टि से बनपेला परिवार एवं समस्त ग्रामवासी चिरपोटी द्वारा श्री शिवमहापुराण कथा का सरस आयोजन ग्राम के सांस्कृतिक मंच पर किया गया।

इसके अंतिम व समापन दिवस की कथा का वाचन करते हुए युवा कथावाचक आचार्य अनिल तिवारी ने घर में सुख-समृद्धि प्राप्ति के लिए अपने कुल देवी- देवताओं का पूजन-अर्चन और यथोचित सम्मान करते रहने की प्रेरणा दर्शक-श्रोताओं को दी। शिक्षक व जनजाति शोधार्थी राम कुमार ने अपने समुदाय विस्तार के अंतर्गत कथा श्रवण करते हुए बताया कि कथावाचक द्वारा अंतिम दिवस की कथा को पूर्णाहूति की ओर ले जाते हुए भगवान शिव के दशावतार व 19 अवतारों, असुरों के संहार और जनकल्याण की बातों को दर्शकों के समक्ष रोचक व संगीतमय वातावरण में प्रस्तुत किया गया । साथ ही शंखचूड़ वध, द्वादश ज्योतिर्लिंग के महत्व का उल्लेख भी किया गया। समापन अवसर पर उपस्थित विशाल जनसमूह के मध्य शिव के विविध अवतारों की सरस चर्चा करते हुए आचार्य अनिल तिवारी ने मनुष्य जीवन की सार्थकता के लिए निरंतर शिवोपासना करने तथा यथासमय द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से क्रमशः दर्शन लाभ लेने, अपने ग्राम में स्थापित देवी-देवताओं के प्रति अपनी असीम आस्था प्रकट कर इन्हें सदैव प्रसन्न और सुरक्षित रखने की प्रेरणा दी। इससे घर-परिवार में सुख-शांति, आने वाली पीढियां को संस्कारित करने में बड़े-बुजुर्गों के सहयोग की आवश्यकता भी स्पष्ट की।




### इनका मिला सहयोग

आयोजन में सुखीराम साहू,मीनाबाई ,आनंद राम, पूर्णिमा, रामजी, सुशीला बाई , इंदरौतीन, राजकुमार, छबील साहू, खम्हन लाल, वती बाई,नारद, पोषण लाल, श्यामा बाई,विमल कुमार, उमा बाई, संतोष कुमार, ओम बाई, छगन लाल, खेमिन साहू, हेमंत कुमार, तुलसी बाई, जितेंद्र साहू, कला बाई, हूपेंद्र साहू, रुपेश्वरी साहू सहित समस्त ग्राम वासियों, ग्राम सरपंच पोषण लाल साहू का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ है।

